# रतलाम मेडिकल कालेज में अब 200 एमबीबीएस सीटें

## अनुमति जारी ● 20 सीटें बढ़ीं, 90 दिन में तय कमियां दूर करने के निर्देश दिए

नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अब एमबीबीएस की 200 सीटों पर प्रवेश होगा। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कालेज की प्रवेश क्षमता 180 से बढ़ाकर 200 सीट करने की अनुमति (लेटर आफ परमिशन) जारी कर दी है।

- कालेज की डीन ने सभी फैकल्टी और स्टाफ को दी बधाई
- स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाएगा

20 सीटें बढ़ने से मालवा-निमाड़ सहित प्रदेश के अधिक विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा का अवसर मिलेगा। एनएमसी ने अनुमति के साथ कालेज को कुछ अवसंरचनात्मक और शैक्षणिक कमियां निर्धारित समय में दूर करने के निर्देश भी दिए हैं। कालेज को 90 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। मालूम हो कि मेडिकल कालेज में पहली बैच के लिए 150 सीटों की अनुमति दी गई थी, जो बाद में बढ़ाकर 180 तक कर दी गई। कालेज की डीन डा. अनिता मूथा ने इसे संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सभी फैकल्टी और स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने एनएमसी के नोडल अधिकारी डा. एसके. लिखार, अस्पताल अधीक्षक डा. प्रदीप मिश्रा और डा. पियूषा महाशब्दे के योगदान की भी सराहना की। एनएमसी के सभी निर्देशों का पालन कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner